Subject Code :
Ba/Bc/Hin (MIL)-301 **Booklet No. A** 80

...

lled in by the
ndidate

Com / BBA / BCA
ter End Term
**2023**

E

ature of
gilator(s)

/50

**Ba/Bc/Hin (MIL)-301**

**2023**

( Old Course )

( 3rd Semester )

HINDI

( Modern Indian Language )

Paper No. : HIN (MIL)-301

*Full Marks* : 70 *Pass Marks* : 45%

*Time* : 3 hours

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 45 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 9×2=18

(क) दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय।
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुख काहे होय।।

**अथवा**

पर पीड़ा से पूर-पूर हो
थक-थककर औ' चूर-चूर हो
अमल-धवल गिरि के शिखरों पर
प्रियवर, तुम कब तक सोये थे?
रोया यक्ष कि तुम रोये थे?
कालिदास, सच-सच बतलाना।

(ख) उन्होंने कहा—''हमने तै कर लिया है। हम अमीर तैमूर की औलाद हैं। हमारे बुजुर्गों ने जो कुछ कह दिया, वही होगा। उन्होंने तंबू के नीचे की जगह फिरंगियों को बख्श दी थी। अब अगर दिल्ली भी उस तंबू के नीचे आ रही है, तो आवे।''

**अथवा**

जातियाँ इस देश में अनेक आई हैं। लड़ती-झगड़ती भी रही हैं, फिर प्रेमपूर्वक बस भी गईं। सभ्यता की नाना सीढ़ियों पर खड़ी और नाना ओर मुख करके चलने वाली इन जातियों के लिए सामान्य धर्म खोज निकालना कोई सहज बात नहीं थी। भारतवर्ष के ऋषियों ने अनेक प्रकार से, अनेक ओर से इस समस्या को सुलझाने की कोशिश की थी।

2. 'नये वर्ष के शुभ संकल्प' निबंध की समीक्षा कीजिए। 9

**अथवा**

'नमक का दरोगा' कहानी के आधार पर पं० अलोपीदीन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

3. 'भ्रमरगीत' का भावार्थ अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। 9

**अथवा**

भवानी प्रसाद मिश्र द्वारा रचित 'गीत-फरोश' कविता पर प्रकाश डालिए।

Subject Code :
Ba/Bc/Hin (MIL)-301

**Booklet No. A** 80



4. निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक के साथ संक्षेपण कीजिए : 9

चरित्र-निर्माण जीवन की सफलता की कुंजी है। जो मनुष्य अपने चरित्र की ओर ध्यान देता है, वही जीवन क्षेत्र में विजयी होता है। चरित्र-निर्माण से मनुष्य के भीतर ऐसी शक्ति का विकास होता है, जो उसे जीवन-संघर्ष में विजयी बनाती है। ऐसी शक्ति से वह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है। वह जहाँ कहीं भी जाता है, अपने चरित्र की शक्ति से अपना प्रभाव स्थापित कर लेता है। उसे देखते ही लोग उसके व्यक्तित्व के सम्मुख नतमस्तक हो जाते हैं। उसके व्यक्तित्व में सूर्य का तेज, आँधी की गति और गंगा के प्रवाह की अबाधता होती है।

* * *

illed in by the
andidate

3Com / BBA / BC
ster End Terr
2023

ature of
niator(s)

**2023**

( Old Course )

( 3rd Semester )

## HINDI

( Modern Indian Language )

Paper No. : HIN (MIL)–301

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

SECTION—I

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×5=5

1. "पतित पावन राम नाम सो न दूसरो।" यह पंक्ति कहाँ से ली गयी है?

(क) विनय-पत्रिका ( )

(ख) सूक्तियाँ ( )

(ग) भ्रमरगीत ( )

2. जहाँ पक्षपात हो वहाँ किसकी कल्पना नहीं की जा सकती है?

(क) जीवन की ( )

(ख) न्याय की ( )

(ग) प्रेम की ( )

3. "भारतीय भाषाओं में प्रायः अंग्रेजी के 'इंडिपेंडेंस' शब्द का समानार्थक शब्द नहीं व्यवहृत होता।" यह पंक्ति किस निबंध से ली गई है?

(क) नये वर्ष के शुभ संकल्प ( )

(ख) मानस की धर्मभूमि ( )

(ग) नाखून क्यों बढ़ते हैं? ( )

4. निम्नलिखित में से कबीर की रचना कौन-सी है?

(क) गीत फरोश ( )

(ख) सूक्तियाँ ( )

(ग) कालिदास ( )

5. "कुछ और डिजाइन भी हैं, यह इल्मी,
यह लीजे चलती चीज, नयी फिल्मी।"

ये पंक्तियाँ किस कवि की कविता से ली गई हैं?

(क) भवानी प्रसाद मिश्र ( )

(ख) तुलसीदास ( )

(ग) नागार्जुन ( )

SECTION—II

( *Marks* : 10 )

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

1. मुंशी वंशीधर ने अफसरों को किस प्रकार मोहित कर लिया था?

**2.** 'गीत-फरोश' कविता में कवि क्या कहना चाहता है?

3. पं० अलोपीदीन को गिरफ्तार क्यों होना पड़ा?

**4.** तुलसीदास ने राम नाम की क्या महत्ता बताई है?

**5.** शहंशाह ने फिरंगी डॉक्टर को इनाम में क्या दिया?

6. 'कालिदास' कविता के विषय में अपना विचार लिखिए।

7. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं?' के आधार पर सफलता और चरितार्थता में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।

## SECTION—III

( *Marks* : 10 )

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : ½×4=2

आदान ; प्रस्थान ; अग्रज ; कृपण ; सरल ; उत्तीर्ण ; आदर

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×3=3

अनुपम ; पृथ्वी ; नारी ; कपड़ा ; अमृत ; इच्छा

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** मुहावरों के वाक्य प्रयोग द्वारा अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1×3=3

अपने पैरों पर खड़ा होना ; लोहा मानना ; कान भरना ; ऊँट के मुँह में जीरा ; अँगूठा दिखाना ; हाथ पीला होना

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए : 1×2=2

प्रति ; वि ; उप ; निर्

★★★